# अयोध्या में खुलेगा होटल ताज, 300 कमरे और 29 लग्जरी विला होंगे

- इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आइएचसीएल) और सालिटेयर ग्रुप के बीच करार
- देश के श्रद्धालुओं व पर्यटकों को अब मिल सकेंगी उच्च स्तरीय सुविधाएं, अगले साल से होगा चालू

जागरण संवाददाता • लखनऊ : रामनगरी में अत्याधुनिक होटल ताज आकार ले रहा है, जहां 300 कमरे ही नहीं, 29 लग्जरी विला भी होंगे। 7.2 एकड़ के भू-भाग पर होटल बनाने के लिए एक भी पेड़ काटा नहीं गया, बल्कि जरूरत के हिसाब से उसे शिफ्ट किया गया। 1500 से अधिक पेड़-पौधों से पूरा क्षेत्र हरा-भरा होकर होटल की खूबसूरती को और बढ़ाएगा। 2026 की शुरुआत में ही होटल ताज देश-दुनिया के लोगों का शानदार आतिथ्य कराएगा।

सोमवार को गोमतीनगर स्थित होटल ताज में हास्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आइएचसीएल) व सालिटेयर ग्रुप के बीच करार पर हस्ताक्षर हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, अयोध्या में होटल ताज के निर्माण से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आतिथ्य की उच्च स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। यह फाइव स्टार होटल इसी वर्ष बनकर तैयार हो जाएगा। प्रदेश में पर्यटन व आतिथ्य के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अभी देश में 1.90 लाख व यूपी में केवल 4000 ब्रांडेड कमरे उपलब्ध हैं। अब एक साथ अत्याधुनिक सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कुछ ही वर्षों में आठ हजार नए होटल प्रदेश में खुलेंगे। मुख्य सचिव ने कहा, मथुरा-वृंदावन में सात करोड़ पर्यटक व श्रद्धालु आते थे, जबकि पिछले वर्ष अयोध्या में 10 करोड़ और काशी में 12 करोड़ पर्यटक आए। इस वर्ष महाकुंभ में ही 48 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। घरेलू पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है, सरकार उच्च स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने को तत्पर है। आइएचसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर पुनीत छतवाल ने बताया, देश के महत्वपूर्ण 50 से अधिक आध्यात्मिक स्थलों में आइएचसीएल के होटल बेहतरीन हास्पिटैलिटी सेवाएं दे रहे हैं। यह समझौता आध्यात्मिक सर्किट विकसित करने की हमारी रणनीति के अनुरूप है। सेलेक्शंस विवांता, गेटवे और जिंजर ब्रांडों में के साथ प्रतिष्ठित ताज ब्रांड भी यहां ला रहे हैं। उन्होंने कहा, ऋषिकेश, हरिद्वार, वृंदावन, प्रयागराज और वाराणसी में अपने कई ब्रांड के होटल बनाया हैं। अब ताज गंगा के विस्तार में निवेश कर रहे हैं, जिसमें 100 कमरे और बनेंगे। यहां पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।



होटल ताज में आइएचसीएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव मनोज सिंह के समक्ष समझौता पत्र का आदान-प्रदान करते आइएचसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर पुनीत छतवाल व सालिटेयर ग्रुप के संस्थापक व सीईओ मयंक जायसवाल, साथ में प्रमुख सचिव शहरी विकास अमृत अभिजात व प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम • जागरण

**हर विला के अलग स्वीमिंग पूल :** सालिटेयर ग्रुप के फाउंडर व चेयरमैन मयंक जायसवाल ने बताया, लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर महिला पालीटेक्निक के पीछे 7.2 एकड़ में होटल फैला है। इस 300 कमरों वाले होटल ताज का डिजाइन अयोध्या के फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी कर रहे हैं। इसमें 29 लग्जरी विला व इतने ही स्वीमिंग पूल होंगे। होटल में एक आल-डे डाइनर, दो स्पेशियलिटी रेस्तरां के साथ जे वेलनेस सर्कल स्पा, जिम, स्वीमिंग पूल और बच्चों का क्लब भी होगा। आयोजनों और समारोहों के लिए होटल में 34,000 वर्गफीट में विशाल बैंक्वेट होगा। होटल श्रीराम मंदिर से लगभग 20 मिनट की दूरी होगा, एयरपोर्ट सात किलोमीटर की दूरी पर है। प्रदेश में आइएचसीएल के 31 होटल हो जाएंगे, जिनमें से 18 बन रहे हैं।